ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स के लिये विस्तारित PLI योजना

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में **भारी उद्योग मंत्रालय (Ministry of Heavy Industries- MoHI)** ने ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स के लिये उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (Production Linked Incentive- PLI) योजना की अवधि एक वर्ष बढ़ा दी है, यह योजना वित्त वर्ष 2023-24 से शुरू होकर अगले पाँच वर्षों के लिये लागू है।

- यह निर्णय **सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह (Empowered Group of Secretaries- EGoS)** की मंज़ूरी मिलने के बाद लिया गया है।
- इसके तहत पहले वर्ष की बिक्री वृद्धि सीमा को पूरा करने में विफल रहने वाली कंपनियों को **उस वर्ष हेतु प्रोत्साहन नहीं मिलेगा।**
  - हालाँकि वे पहले वर्ष की सीमा से 10% वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि प्राप्त करके भविष्य के लाभों के लिये पात्र बने रहते हैं।

उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (Production Linked Incentive) योजना क्या है?

- **परिचय:** PLI योजना भारत में एक **सरकारी पहल** है जो कंपनियों को **भारत में निर्मित उत्पादों** की बढ़ती बिक्री के आधार पर **वित्तीय प्रोत्साहन** प्रदान करती है।
  - इस योजना का लक्ष्य घरेलू विनिर्माण, **रोज़गार सृज़न** एवं **निर्यात को बढ़ावा देना**, **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण** को सुविधाजनक बनाना और आयात निर्भरता को कम करना है।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **क्षेत्र-विशिष्ट:** यह योजना वर्तमान में **14 प्रमुख क्षेत्रों में सक्रिय** है: मोबाइल विनिर्माण, चिकित्सा उपकरणों का विनिर्माण, ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट्स, फार्मास्यूटिकल्स, दवाएँ, विशिष्ट इस्पात, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, श्वेत वस्तुएँ (AC व LED), खाद्य उत्पाद, वस्त्र उत्पाद, सौर PV मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल (Advanced Chemistry Cell-ACC) बैटरी तथा ड्रोन व ड्रोन कंपोनेंट्स।
  - **प्रोत्साहन दर:** प्रोत्साहन दर क्षेत्र और उत्पाद श्रेणी के आधार पर भिन्न होती है, यह कुल **वृद्धिशील विक्रय के 4% से 6% तक** हो सकती है।

भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर की स्थिति क्या है?

- भारत **विश्व का तीसरा सबसे बड़ा** ऑटोमोबाइल बाज़ार है। सितंबर 2023 DPIIT रिपोर्ट के अनुसार, ऑटोमोबाइल सेक्टर में**कुल FDI संचलन का हिस्सा 5.41%** रहा।
- वर्ष 2022-2030 के दौरान इलेक्ट्रिक वाहन बाज़ार **49%** की **कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट CAGR** से बढ़ने की उम्मीद है और EV उद्योग में वर्ष 2030 तक 5 मिलियन प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियाँ उत्पन्न होंगी।
- **संबंधित सरकारी पहल:**
  - FAME योजना
  - ऑटोमोटिव मिशन योजना 2016-26 (AMP 2026)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/extended-pli-scheme-for-automobile-and-auto-components